हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)
रायपुर नाका, दुर्ग

Email: registrar@durguniversity.ac.in Website: www.durguniversity.ac.in Phone 0788-2359100

क्र. 1439 / कुलसचिव कार्या. / 2023 दुर्ग, दिनांक : 29 / 08 / 2023

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध शासकीय / अशासकीय महाविद्यालय,
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

विषयः– हिन्दी दिवस 14 सितंबर के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय द्वारा छत्तीसगढ़ के राज्यगीत ''अरपा पैरी के धार के विश्लेषण एवं महत्व'' विषय पर आपके महाविद्यालय से अधिकतम 05 नियमित विद्यार्थियों द्वारा 04 मिनट अवधि के वीडियो बनाकर विश्वविद्यालय के ईमेल आई डी *events@durguniversity.ac.in* पर दिनांक 10.09.2023 तक भेजे जाने विषयक।

उपरोक्त विषयांतर्गत उल्लेख है **छत्तीसगढ़ के राज्यगीत ''अरपा पैरी के धार के विश्लेषण एवं महत्व''** विषय पर विश्वविद्यालय स्तरीय अंर्तमहाविद्यालयीन वीडियो बनाओं प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस संबंध में आपके महाविद्यालय से अधिकतम 05 नियमित विद्यार्थियों द्वारा 04 मिनट अवधि के वीडियो बनाकर विश्वविद्यालय के ईमेल आई डी *events@durguniversity.ac.in* पर **दिनांक 10.09.2023** तक भेजने हेतु निर्देशित करें। विश्वविद्यालय की कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय में प्राप्त वीडियो के मूल्यांकन हेतु एक विशेषज्ञ समिति श्रेष्ठ 05 वीडियो को चयनित करेगी। इन चयनित 05 प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय के टैगोर सभागार में स्वयं भौतिक रूप से उपस्थित होकर पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण उपरोक्त विषय पर देना होगा। प्रस्तुतिकरण की तिथि 14 सितंबर 2023 (हिन्दी दिवस) होगी। सर्वश्रेष्ठ 05 प्रस्तुतकर्ताओं को विश्वविद्यालय द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

वीडियो निर्माण के दौरान प्रतिभागी छात्र–छात्राओं को उपरोक्त विषय पर स्वयं 04 मिनट की अवधि के अंतर्गत स्वयं विचार प्रस्तुत करना है तथा वीडियो के प्रारंभ में अपना नाम, कक्षा का नाम, विषय तथा महाविद्यालय का नाम एवं मोबाईल नंबर प्रतिभागी विद्यार्थी द्वारा प्रदर्शित किया जाना अनिवार्य है। इस जानकारी के अभाव में प्रविष्टि स्वीकार नहीं की जायेगी।

कुलसचिव

पृ.क्र.1440/2023

दुर्ग, दिनांक :29/08/2023

प्रतिलिपिः–

1. माननीय कुलपति महोदया एवं कुलसचिव के निज सहायक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)।
2. कार्यालय फाईल।

29/8/23

अधिष्ठाता छात्र कल्याण
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग